Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start classes in Kendriya Vidyalaya, Narsinghgarh, Rajgarh district, Madhya Pradesh-laid.

*m01

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): मैं माननीय प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री जी का धन्यवाद देता हूं कि आपके द्वारा नवीन शिक्षा नीति देश को दी गई है एवं देश अब वैश्विक शैक्षणिक स्पर्धा की ओर अग्रसर है। देश में नवीन शिक्षा नीति भारत में शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक विकास के लिए प्रतिबद्ध है I राजगढ़ जिले में एक नवीन केंद्रीय विद्यालय नरसिंहगढ़ स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन कथित विभागीय उदासीनता के कारण आज तक कक्षाओं का संचालन नहीं हो पाया है।

मेरा माननीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि यदि केंद्रीय विद्यालय नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश को आगामी नवीन सत्र में संचालित किया जाता है तो नरसिंहगढ़ क्षेत्र में निवासरत क्षेत्र वासियों को केंद्र सरकार द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए एक नवीन संस्था प्राप्त होगी।